## 17 करोड़ से बनेंगे नए ओवरहेड टैंक तीन ट्यूबवेल का किया जाएगा निर्माण

संवाददाता ,दातागंज

- शासन से मिली स्वीकृति, जल्द काम शुरू करेगा जल निगम

**अमृत विचार :** कस्बे में पेयजल आपूर्ति में आ रही दिक्कत को दूर करने को शासन ने 17 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं जिससे ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे, पूरे कस्बे में नई पाइप लाइन के साथ ही तीन नए टयूवबैल का निर्माण कराया जाएगा।

करीब चार महीने पहले नगर में उक्त कार्य कराए जाने के लिए स्थान चिन्हित किए गए थे। लेकिन नगर पालिका और जल निगम के बीच किसी कारणवश सहमति नहीं बनी। बाद में शासन को भेजे गए प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने के साथ ही 17 करोड़ की धनराशि भी मिल गयी, जिसके बाद अब नगर पालिका ने जल निगम के साथ बैठक कर सभी बाधाएं दूर कर दी हैं। निर्माण कार्य जल्द शुरू करा दिया जाएगा। नगर पालिका के ईओ हरि लाल पटेल ने बताया कि टैंक में लीकेज होने से पेयजल सप्लाई में दिक्कत आ रही थी। कस्बे की पाइप लाइन पुरानी हो जाने से जगह जगह चोक हो गई थी । जिससे घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा था। शासन ने अब उक्त कार्यो को 17 करोड़ रूपए स्वीकृत किए हैं। जिससे अब नया ओवरहेड टैंक एवं नई पाइप लाइन बिछाने व तीन नए ट्यूबवेल का कार्य किया जाएगा । करीब 46 किलोमीटर पाइप लाईन डाली जाएगी

### 12 जून से रूस में शुरू हो रहे ब्रिक्स गेम्स में 60 किग्रा वर्ग के बेल्ट रेसलिंग मे करेंगे प्रतिभाग, परिजनों में खुशी

# रूस में देश का झंडा ऊंचा करेंगे अभिनव

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- देहरादून में होगा प्रशिक्षण, इसके बाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए भेजा जाएगा

**अमृत विचार:** बदायूं के अभिनव यादव ने प्रदेश के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। प्रदेश के लिए वह ताइक्वांडो और बेल्ट रेसलिंग में प्रदेश को कई बार मेडल दिला चुके है।

इस बार रूस के कजान में 12 से 23 जून तक आयोजित ब्रिक्स गेम्स 2024 में भाग लेने वाली भारतीय टीम में उनका चयन किया गया है। उनके चयन पर परिजन काफी खुश हैं। वहीं अभिनव रूस के लिए रवाना हो चुके हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद वह देहरादून पहुंचेगे। वहां प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रूस जाएंगे। जिले के साथ प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है कि इस प्रतियोगिता के लिए देश भर में अकेले अभिनव का ही चयन हुआ है।

शहर के मंडी चौकी निवासी अभिनव यादव मूल रुप से जगत ब्लॉक के गांव बीबीपुर के निवासी हैं। उनके पिता पीडब्ल्यूडी में रोड रोलर परिचालक पद से सेवानिवृत्त हैं। अभिनव के पिता नरेश पाल सिंह ने बताया कि अभिनव ने प्रारंभिक शिक्षा सीबीएसई बोर्ड से प्राप्त की है। उनकी बचपन से खेल में रुचि रही है। खासकर ताइक्वांडो में विशेष रुचि रही है। शिक्षा के साथ अभिनव ने खेल के कोच शोभित के सानिध्य में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

अभिनव स्टेट और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुके हैं। पिछले साल राजस्थान में हुए इंटरनेशनल गेम्स में उन्हें गोल्ड मिला था। दिल्ली में हुई खेल प्रतियोगिता में ब्रांस मेडल जीता।



रूस रवाना होने से पूर्व अपने माता पिता और बहन के साथ अभिनव यादव। ● अमृत विचार

### अभिनव ने जीते हैं कई पदक

अभिनव ने अब तक कुनेडो, पैनजेक सिलाट, एमएमए, बेल्ट रेसलिंग में कई पदक जीते हैं। इंटरनेशनल स्तर पर दो पदक भी प्राप्त किए हैं। अब उनका चयन रूस के कजान में आगामी 12 से 23 जून तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स गेम्स 2024 में हुआ है। ब्रिक्स गेम्स में भाग लेने वाली भारतीय बेल्ट रेसलिंग टीम में उत्तर प्रदेश के अभिनव का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### तीन बहनों में अकेले हैं अभिनव

अभिनव चार भाई बहन हैं। जिसमें वह तीनों बहनों से छोटे हैं। बहनों की शादी हो चुकी है। और स्वयं इलीट नाम से मार्शल आर्ट एकेडमी चला रहे हैं। जिसके वह डारेक्टर भी हैं। वहीं संजीव प्रजापति प्रेसिडेंट हैं। उनके ब्रिक्स खेल प्रतियोगिता में चयन को लेकर जहां परिवार के लोग खुश है वहीं उनकी एकेडमी के छात्र भी काफी प्रसन्न हैं।

# चकबंदी के नाम पर धोखा, किसानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

### बिल्सी क्षेत्र के गांव सिरतौल निवासी सैकड़ों ग्रामीण तख्तियां लेकर पहुंचे, डीएम ने एसडीएम को सौंपी जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिसर में जमीन पर बैठकर किया प्रदर्शन, चकबंदी के नाम पर लोगों से सांठगांठ का आरोप


**अमृत विचार:** बिल्सी तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल में चकबंदी के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी से आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया। लेखपाल और कानूनगो पर गांव के चंद लोगों को लाभ पहुंचाने तथा धन उगाही का आरोप लगाया। साथ ही गांव में चकबंदी प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा कलेक्ट्रेट का घेराव करने पर डीएम ने एसडीएम को जांच के आदेश कर दिए हैं।

ट्रैक्टर ट्राली में भरकर आए सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। उनके हाथ में चकबंदी पर रोक लगाने संबंधी तख्तियां थीं। अचानक से सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा कलेक्ट्रेट का घेराव किए जाने पर वहां अफरा तफरी मच गई। डीएम ने फौरन ही एसडीएम बिल्सी को तलब कर ग्रामीणों की बात सुनने के लिए भेजा। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि गांव में पिछले 10 साल से चकबंदी की प्रक्रिया जारी है।

हर बार उनकी जमीन से दो प्रतिशत के स्थान पर तीन प्रतिशत की कटौती कर ली जाती है। हाल के दिनों में की जा रही चकबंदी के दौरान लेखपाल और कानूनगो चंद लोगों को लाभ पहुंचाने के उदेश्य से उनके साथ धोखा कर रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा अवैध धन उगाही की जा रही है। जिसका विरोध करने पर नुकसान किया जा रहा है। चकबंदी प्रक्रियाओं का गांव के किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। बल्कि हानि हो रही है। ग्रामीणों की बात सुनकर एसडीएम ने स्वयं जांच करने का उन्हें आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण वहां से चले गए।



कलेक्ट्रेट गेट पर प्रदर्शन करते सिरतौल गांव के ग्रामीण। ● अमृत विचार



गांव सिरतौल में चकबंदी के नाम पर किसानों के साथ लेखपाल और कानूनगो धोखा कर रहे हैं। जिससे उन्हें हानि हो रही है। **-सौदान सिंह**



हर साल चकबंदी की जाती है। किसानों की जमीनों को इधर उधर फेंक दिया जाता है। जिससे परेशानी हो रही है। इस प्रक्रिया को बंद होना चाहिए **-प्रदीप उपाध्याय**



गांव के चंद लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लेखपाल और कानूनगो काम कर रहे हैं। जमीनों को खुर्दबुर्द कर अवैध धन उगाही की जा रही है। जो गलत है। **-गुरदेव पासवान**



चकबंदी प्रक्रिया से आज तक किसी किसान को लाभ नहीं हुआ। नुकसान ही हुआ है। इस प्रक्रिया को बंद होना चाहिए। जिससे किसानों के लिए राहत मिल सकेगी। **-पवन कुमार**

> गांव सिरतौल में चकबंदी को लेकर कुछ समस्या है। वहां के ग्रामीण कलेक्ट्रेट आए थे। स्वयं गांव में पहुंचकर जांच करेंगे। अगर उनके साथ अनुचित होता मिला तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **-प्रवर्धन शर्मा**, एसडीएम

## अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों ने भरी हुंकार, नियुक्ति की मांग



मालवीय आवास गृह पर प्रदर्शन करते अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों ने सोमवार को मालवीय आवास पर प्रदर्शन किया। उन लोगों ने नियुक्ति की मांग करते हुए कहा कि 50 साल की उम्र पार कर चुके हैं। सरकार जल्द विचार करे जिससे उनके परिवारों का भरण पोषण कर सकें।

कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशकों ने कहा कि 2001 में अनौपचारिक शिक्षा योजना को बंद किया गया था। तब से लेकर आज तक वे लोग संघर्ष कर रहे हैं । उच्च न्यायालय ने शिक्षा अनुदेशकों के पक्ष में निर्णय दिया है। उसी के आधार पर सभी लोगों को नियुक्ति दी जाए। इस मौके पर राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि जब तक संगठन के सभी लोग एकजुट होकर प्रयास नहीं करेंगे तब तक सफलता नहीं मिलेगी। इस मौके पर फिरोज खान, देवेंद्र सिंह यादव, हरपाल सिंह, वीरेश पाल सिंह,यादव हरीश बाबू, राजकुमारी ,राजेश्वर यादव, दिनेश सिंह, दिनेश सिंह, अमर पाल, चंद्रपाल, सुरेश पाल सिंह,बृजेश कुमार सक्सेना, चंद्रपाल, कामता प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे ।

## सार-संक्षेप

### बेहटा सुपर इंडियंस ने बेहटा चैंपियंस को 24 रनों से हराया



**बेहटा गुसाई।** ग्राम बेहटा गुसाई में चल रहे बीजीपीएल -7 क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहटा सुपर इंडियंस और वैहटा चैंपियंस के बीच मैच खेला गया। सोमवार को बेहटा सुपर इंडियंस ने बेहटा चैंपियंस को 24 रनों से हरा कर जीत अपने नाम कर ली। सोमवार को खेले गए क्रिकेट मैच में बेहटा सुपर इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 112 रन बनाए। जिसमें कप्तान प्रद्युमन पुरी ने 51 रन और राम किशन ने 18 रन बनाए। चैंपियंस की टीम 88 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। चैंपियंस की ओर से कप्तान विवेक ने 31 रन बनाए। सुपर इंडियंस की ओर से अरुण ने अच्छी गेंदबाजी की, और अपने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट लिए। कप्तान प्रद्युमन ने भी अपने 3 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। बेहटा सुपर इंडियंस ने बेहटा चैंपियंस को 24 रनों से हरा कर जीत अपने नाम कर ली। इस मौके पर राजेश गुप्ता, बालकिशन गुप्ता, संदीप पुरी, जय किशन गुप्ता, सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर याद किए चाचा नेहरू, दी श्रद्धांजलि



**बदायूं।** परशुराम चौक स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गयी। जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों को अंगीकार करना चाहिए। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष शफी अहमद, जिला महासचिव इख्लास अहमद और शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष अकील अहमद विचार व्यक्त किए। राहुल पंडित ने कार्यक्रम का संचालन राहुल पंडित ने किया।

### एफएलएस में शूटिंग-ताइक्वांडो में बच्चों ने दिखाया हुनर

बिल्सी, अमृत विचार : नगर के फ्यूचर लीडर्स स्कूल में चल रहे समर कैंप के पांचवें दिन विद्यार्थियों ने शूटिंग और ताइक्वांडो की शिक्षा ग्रहण की। स्कूल के निदेशक वीपी सिंह ने कहा कि शूटिंग कैंप छात्रों के लिए एक अविश्वसनीय अनुभव था। इससे न केवल उन्हें महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने में मदद मिली बल्कि उन्हें अनुशासन और एकाग्रता के मूल्य भी सिखाए गए। इस मौके पर एमडी राहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, एकेडमिक हेड सीके शर्मा, जूनियर कॉर्डिनेटर परमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### ऑडिशन में बिखेरा फैशन का जलवा और आवाज़ का जादू



**बदायूं।** मिस्टर, मिस, मिसेज एंड किड्स सुपर मॉडल इंटरनेशनल 2024 के ऑडिशन में बहुत ही खूबसूरत नजारा शहर के एक लॉन में देखने को मिला। जहां जिले के अलावा शाहजहांपुर, आंवला, रामनगर, नैनीताल, फरीदपुर, बरेली, पीलीभीत, नवाबगंज एवं काशीपुर के बच्चों और युवाओं ने अपनी अदाओं से जलवा बिखरते हुए कैटवॉक किया वहीं कई युवाओं आवाज़ का जादू बिखेरा। कुछ ने डांस से लोगों को मन मोह लिया। कार्यक्रम आयोजक सिमरन शर्मा ने बताया कि इसका फिनाले जून में होगा और इसमें तीन कैटेगरी मॉडलिंग, डांसिंग, सिंगिंग है। शो की आयोजक सिमरन शर्मा उनकी माता सपना शर्मा रहीं। फिनाले से एक दिन पहले प्रतिभागियों की प्रोफाइल बनाने के लिए पोर्टफोलियो शूट करवाया जाता है। एबी प्रोडक्शन के सदस्य एक्टर और मॉडल बहार हुसैन ने बताया कि यह कार्यक्रम एबी प्रोडक्शन कंपनी द्वारा आयोजित किया गया है। ऑडिशन में सिलेक्ट हुए प्रतिभागियों को बरेली फिनाले में परफॉर्म करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में टीम मेंबर आलिया सिद्दीकी, ऋषभ शर्मा, ज़ुबैर, अरमान, शोएब, जावेद, अनन्या एवं अरमान रज़ा का विशेष सहयोग रहा।

## झूठी निकली राशन चोरी की घटना, डीएम को सौंपी जांच

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज में राशन चोरी का वीडियो वायरल होने के बाद डीएम मनोज कुमार ने जिला पूर्ति अधिकारी को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच में पता चला है कि फटी बोरियां बदली जा रहीं थीं, जिसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

रविवार को वायरल वीडियो में दातागंज में ठेकेदार बोरियों से राशन निकलवाते हुए दिख रहा है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डीएम मनोज कुमार के निर्देश पर मामले की जांच मुख्य क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नरेन्द्र कुमार ने की। उन्होंने बताया कि ठेकेदार फटी हुई बोरियों को बदलवा रहा था। परिवहन ठेकेदार ने जिन कोटेदारों के यहां राशन पहुंचाया वहां सही मात्रा में पाया गया है।

> ठेकेदार ने सभी दुकानों पर राशन सही मात्रा में पहुंचाया है। किसी भी दुकान पर राशन कम नहीं मिला। कोटेदार फटी बोरियों में राशन आने का विरोध करते हैं। इसलिए वह बोरियों को बदल रहा था। जिसमें वह दोषी मिला है। जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी गई है। उन्हीं के स्तर से कार्रवाई होगी। **-रमन मिश्रा,** डीएसओ

## जिला कारागार में लगा ध्यान शिविर

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला कारागार में राम चंद्र मिशन एवं हार्टफुलनेस संस्था के तत्वावधान में तीन दिवसीय ध्यान शिविर के अंतिम दिन सोमवार को वक्ताओं ने बंदियों से अध्यात्म और सदमार्ग पर चलने की सलाह दी। साथ ही ध्यान योग कराया। जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्र ने कहा कि हार्टफुलनेस अभ्यास के द्वारा वे-लगाम मन को बहुत कुशलता से संयमित किया जा सकता है। जोनल कोआर्डिनेटर अनुज सक्सेना ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रशिक्षक लखन सिंह, प्रदीप दुबे, डिप्टी जेलर कमल चंद्र, जेलर कुंवर रणविजय सिंह मौजूद रहे।

# फोन पर बोली छात्रा, मुझे बंधक बना लिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 25 मई को अचानक लापता हो गई थी छात्रा, पिता ने की शिकायत

**अमृत विचार :** एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा 25 मई को लापता हो गई। पिता की तहरीर पर छात्रा के दो साथियों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। रविवार को छात्रा ने नए नंबर से पिता को फोन किया। बताया कि एक युवक ने उसे बंधक बना लिया है। उसके वीडियो बनाकर वायरल कर दिए हैं। छात्र के पिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्रा का वह नंबर सर्विलांस पर लगाया है।

थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। साथ पढ़ने वाले अलापुर निवासी समीर और नारायण उसे फोन करते थे। दोनों युवकों ने उनकी बेटी के वीडियो बना लिए थे। जिसे वायरल करने की धमकी दे रहे थे। दोनों युवक उनकी बेटी का अपहरण करके ले गए। बेटी घर में रखी नगदी और तीन लाख रुपये के जेवर भी ले गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा्रा तलाश शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि रविवार को बेटी ने फोन करके बताया कि समीर ने उसे बंधक बना लिया है। वह उसे रोज पीटता है। गंदे काम का वीडियो वायरल कर दिया है। जिससे उसकी और परिजनों की बेइज्जती हुई है। जिसके चलते वह अब घर नहीं आएगी। पिता ने पूछा कि वह कहां है लेकिन छात्रा ने कहा कि उसे कुछ पता नहीं है। छात्रा ने कहा कि उसने नया मोबाइल और सिम खरीदा है। उस नंबर से ही फोन कर रही है। बताया कि समीर ने उसके पिता व भाई को जान से मारने की धमकी दी है। इतना कहकर छात्रा ने फोन काट दिया। पुलिस ने उसका नंबर सर्विलांस पर लगाया है। एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि दो युवकों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज है। छात्रा के पिता से लगातार बात की जा रही है। छात्रा को जल्द बरामद करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# स्वच्छता पर खर्च होगी दस फीसदी धनराशि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शासन ने माध्यमिक के सरकारी विद्यालयों को वर्ष 2024-25 के लिए जारी की कंपोजिट ग्रांट

**अमृत विचार:** सरकारी माध्यमिक स्कूलों को मिलने वाली कंपोजिट ग्रांट का दस फीसद स्वच्छता पर खर्च करना होगा। स्कूल प्रधानाचार्य इसकी अनदेखी नहीं कर सकते हैं। स्कूलों में बच्चों की संख्या के आधार पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से धनराशि जारी की है।

जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद के 39 सरकारी स्कूल संचालित हैं। इनमें वर्ष 2024-25 के लिए कंपोजिट ग्रांट जारी की गई है। धनराशि बच्चों की संख्या के आधार पर दी गई है। 100 से कम विद्यार्थियों की संख्या वाले स्कूलों को 25 हजार और 101 से 250 तक विद्यार्थियों की संख्या स्कूलों को 50 हजार, 251 से एक हजार विद्यार्थियों की संख्या वाले विद्यालयों को 75 हजार रुपये की धनराशि दी गई है। धनराशि जारी करने के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक स्कूलों के प्रधानाचार्य को निर्देश दिए हैं कि व्यय से पहले स्कूल आवश्यकताओं का आकलन कर प्राथमिकताएं निर्धारित करें। कंपोजिट ग्रांट से विद्यालयों में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, रंगाई व पुताई, बिजली आपूर्ति व्यवस्था और स्टेशनरी के कार्य किए जाएंगे। धनराशि का उपयोग 31 जनवरी 2025 तक करना है। डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से निर्देश जारी हुए हैं। जिसके तहत विद्यालयों को धनराशि भेजकर व्यय करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### 39 में 36 को भेजी गई 15.25 लाख रुपए ग्रांट

शासन की ओर से विभाग को 15 .25 लाख रुपए कंपोजिट ग्रांट जारी की गई थी। जिसे स्कूलों में आवंटित कर दिया गया है। जिसमें 4 स्कूलों में 75 -75 हजार, एक में एक लाख, 14 में 50-50 हजार, 17 में 25-25 हजार रुपए कंपोजिट ग्रांट भेजी गई है। तीन स्कूलों जीजीआईसी बदायूं जीजीआईसी दातागंज और नागपुर नूरपुर स्कूल का चयन पीएम श्री के लिए हुआ है। इनके लिए अभी बजट जारी नहीं हुआ है।

## ट्रक की टक्कर से बुग्गी सवार बेटे की मौत, पिता घायल

**शेरगढ़ / बरेली, अमृत विचार :** बदायूं के थाना बिसौली के गांव हथसा निवासी रोहित (24) पिता सोमपाल के साथ ईंट भट्टे पर बुग्गी चलाता था। सोमवार को पिता-पुत्र बुग्गी से लौट रहे थे, पनबड़िया गांव के निकट शेरगढ़- बहेड़ी मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक ने बुग्गी को चपेट में ले लिया। हादसा में रोहित बुरी तरह ट्रक में फंस गया, जिसे पुलिस ने लोगों की मदद से बमुश्किल बाहर निकाला। घायलों को इलाज के लिए भेजा, हालांकि रोहित की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे में तांगे पर सवार बहेड़ी के गांव नौली हरनाथपुर निवासी जागन लाल एवं बसंत घायल है।

















# जमीन खरीदने की बजाय रुपये बांट रहा था पति, इसलिए मार दिया

## सिर पर सिल के बट्टे और शॉकर की रॉड से किए थे कई वार, हत्या के बाद नगदी और जेवर छिपा दिए थे

संवाददाता, इस्लामनगर(बदायूं)

**अमृत विचार :** इस्लामनगर क्षेत्र के गांव अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया निवासी पल्लेदार की हत्या उसकी पत्नी ममता ने ही की थी। पल्लेदार जमीन खरीदने के बजाय रुपये ब्याज पर बांट रहा था और उस पर शक करता था। परेशान होकर उसने पति की हत्या कर दी। उसकी निशानदेही पर छिपाया गया जेवर व जिस सिलबट्टे से हत्या की गई थी उसे बरामद कर लिया है। पत्नी को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

इस्लामनगर क्षेत्र के गांव अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया निवासी महेश राणा पल्लेदारी करता था। उसकी 23-24 मई की रात को हत्या कर दी गई थी। पत्नी ममता ने तब बताया था कि डकैतों ने उसके पति को लाठी डंडों से पीटा और 40 हजार रुपये की नगदी, जेवर आदि सामान लूट ले गए। ममता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। खुलासा के लिए चार


पुलिस ने बरामद किए जेवर और बट्टा।

- गांव अल्लेहपुर समसपुर मढैया निवासी महेश की गुरुवार को हुई थी हत्या, आलाकत्ल बरामद

टीमों को लगाया था। पुलिस ने जब घटनाक्रम के प्रत्येक बिंदु की जांच की तो शक की सुई ममता की आरे घूम गई । इसके बाद उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने पति महेश की हत्या करने का गुनाह कबूल कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने छिपाया गया जेवर, नगदी व सिलबट्टा आदि सामान बरामद कर लिया।


थाना इस्लामनगर पुलिस की गिरफ्त में पति की हत्या करने की आरोपी पत्नी ममता।

### अब बच्चों की परवरिश कौन करेगा

मां ने पिता की हत्या कर दी और वह जेल चली गई। इसके बाद महेश और ममता के बच्चे पूरी तरह अनाथ हो गए हैं। फिलहाल वह इस वक्त अपने ताऊ और रिश्तेदारों के पास रह रहे हैं। पिता की हत्या और मां के जेल जाने के बाद बच्चों का रो रोकर बुराहाल है। वहीं गांव में लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि ममता ऐसा कदम उठा सकती है। वहीं कुछ लोगों ने सवाल भी किए हैं कि अकेले एक महिला हत्या जैसा जघन्य अपराध कैसे कर सकती है। पुलिस ने जब ममता को हिरासत में लिया तो लिया तो ग्रामीण चौंक गए। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि पति की हत्यारोपी महिला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

### हत्या के बाद चेक की थीं महेश की सांसें

ममता ने पुलिस को बताया कि उसने पति की हत्या सिलबट्टे और बाइक के शॉकर की राड से की थी। उसने महेश के माथे और सिर पर दो वार किए, जिससे वह ढेर हो गया। जीवित रहने की कोई संभावना न रहे इसके लिए उसने बाद में भी कई वार सिर पर कर दिए। जिससे महेश के सिर की हड्डी टूट गई और वह जिस स्थिति में लेटा था उसी स्थित में रह गया। हत्या के बाद ममता ने मंगलसूत्र, रुपये व जेवर पशु बांधने वाली जगह पर छिपा दिए। जेवर व नगदी छिपाने के बाद ममता दोबारा महेश के शव के पास पहुंची और उसकी सांसें चेक कीं। जब उसके यकीन हो गया कि महेश मर चुका है। तब उसने घर से बाहर आकर लूट होने का शोर मचा दिया और पुलिस को तहरीर देकर गुमराह करने का प्रयास किया।

### अपने ही बुने जाल में फंस गई ममता

पति की हत्या की योजना ममता ने पहले ही तैयार कर ली थी। हत्या के बाद उसने शोर मचा दिया कि बदमाशों ने लूट कर ली और पति को मार दिया। पड़ोसियों को भी उसकी बातों पर भरोसा हो गया, लेकिन पुलिस ने जब विवेचना शुरू की तो ममता के बुने जाल के धागे उधड़ते चले गए। पहले ही दिन पुलिस को लग गया था कि महेश की हत्या में उसके किसी खास व्यक्ति की साजिश है। क्योंकि महेश के घर का सामान जस का तस था। इतना बड़ा कांड होने के बाद भी बच्चे नहीं जागे। ममता ने शोर किया, तब उसके बच्चों की नींद खुली। इसके बाद पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को उठाया, लेकिन घटना का खुलासा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस की शक की सुई ममता पर टिक गई। इसके बाद उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**महेश से परेशान हो गई थी ममता :** ममता ने बताया कि मूल रूप से जिला संभल के थाना बहजोई के गांव चकरपुर में उसकी ससुराल है। करीब 25 वर्ष पूर्व महेश अपने ननिहाल गांव अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया में रहने लगा। महेश ने चार साल पहले अपने पैतृक गांव चकरपुर की जमीन बेच दी थी। जमीन बेचने से जो रुपये मिले थे। उनसे वह अल्लेहपुर समसपुर की मढ़ैया में जमीन खरीदना चाहती थी, लेकिन महेश रुपये ब्याज पर उठा रहा था।

समझाने पर मारपीट करता था। महेश ने गांव के एक व्यक्ति को रुपये उधार दिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर रहा था। इसके बाद भी महेश उसे रुपये बराबर देता रहा। किसी से बात करने पर भी उसके साथ मारपीट करता था, इन सब बातों से परेशान होकर उसने हत्या कर दी।

## दबंगों ने कोटेदार के घर पर की फायरिंग लाठी डंडों से पीटा

**विजय नगला, अमृत विचार :** निजी नलकूप के पानी निकासी को लेकर कुछ लोगों ने गांव के कोटेदार के घर पर हवाई फायरिंग करके दहशत फैला दी। कोटेदार के दो बेटों को लाठी-डंडों से पीट दिया। दोनों युवक घायल हो गए। पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिनावर थाना क्षेत्र के बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित गांव रसूलपुर के कोटेदार अजय पाल ने बताया कि 26 मई को वह अपने नलकूप से सिंचाई कर रहे थे। खेत तक पानी पहुंचाने के लिए लगाए गए पाइप के ऊपर से कुछ लोगों की गाड़ी गुजरी। जिससे पाइप फट गया। कोटेदार के बेटे आशीष व अखिलेश ने विरोध किया। कहासुनी होने लगी। वहां मामला शांत हो गया। जिसके बाद सोमवार सुबह लगभग नौ बजे अवरेश, राहुल उर्फ छंगे, सोमपाल, विशपाल, रोहित आदि कोटेदार के घर पहुंच और गाली गलौज करते हुए फायरिंग कर दी। आरोपी घर में घुस आए। लाठी-डंडों से पीटने लगे। कोटेदार का बेटा अरविंद व अखिलेश घायल हो गए। इस दौरान राजमार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## एक नजर

### गंगा में डूबा बुजुर्ग गोताखोर देर रात तक नहीं कर सके तलाश

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर खेड़ा निवासी भगवान दास (65) अपने गांव के पास बह रही गंगा में सोमवार सुबह स्नान करने के लिए गए थे। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने उन्हें डूबता देखा तो शोर मचाया लेकिन घाट पर कोई गोताखोर और तैराक न होने के चलते कोई भी गंगा में उन्हें बचाने नहीं गया। भगवान दास के परिजनों को सूचना दी। परिजनों में कोहराम मच गया। वह चीत्कार करते हुए घाट पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंचे कछला पुलिस ने कछला गंगा घाट से गोताखोर बुलाए। गंगा में वृद्ध की तलाश कराई। छह घंटों की मशक्कत के बाद भी वृद्ध का पता नहीं चल सका है। चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को फिर से गंगा में वृद्ध की तलाश कराई जाएगी।

### प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को छोड़ा

**सहसवान।** प्रधानमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने वाला युवक दहगवां ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का कर्मचारी है। वह बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने का कार्य करता है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चर्चा रही कि थाना पुलिस ने कुछ ही घंटों बाद आरोपी को रिहा कर दिया।

# युवक को घेरकर लाठी डंडों से पीटा, आठ के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रंजिशन आरोपियों ने किया हमला, गंभीर रूप से घायल का हो रहा इलाज

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों दो भाइयों का रिश्ता घेर लिया। लाठी-डंडों से हमला करके घायल कर दिया। एक घायल की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इस्लामनगर कस्बा के वार्ड एक निवासी सुमित की पत्नी मनीषा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 मई शाम लगभग पांच बजे उसके पति, जेठ बॉबी नगर पंचायत रुदायन के चेयरमैन कार्यालय में सफाई करके वापस लौट रहे थे। पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में घात लगाए कालीचरन, उनकी पत्नी मीना, सुशील, अनिल, शोभित, रोहित, सुनीता, शिवम मिले। जिन्होंने रास्ता घेरकर सुमित व बॉबी पर असलाह और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर मनीषा की गर्भवती जेठानी रिंकी बचाने के लिए पहुंचीं। हमलावरों ने उन्हें भी लात-घूसों से बुरी तरह से पीटा। इसी दौरान ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने बीच बचाव कराया। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। महिला ने बताया कि हमलावर आगे भी उनके साथ कोई भी अप्रिय घटना कर सकते हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## अलमारी का ताला तोड़कर नगदी एवं गहने ले गए चोर

**उघैती, अमृत विचार :** छत के रास्ते घर में घुसे अज्ञात चोरों ने कमरे में की अलमारी से करीब एक लाख रुपए की नगदी एवं गहने चोरी कर लिए। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सोहरा निवासी रामेश्वर शाक्य घेर में परिवार के साथ सो रहे थे। घर पर उनका भाई एवं बेटा मौजूद था। रात में किसी वक्त चोर जीने के रास्ते घर में दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी को खोलकर एक लाख रुपया की नकदी एवं सोने चांदी के जेवर ले गए। सुबह जाग होने पर परिजनों ने अलमारी का ताला टूटा देखा तो होश उड़ गए। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, 29 घायल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोवताली क्षेत्र में गांव बहेड़ी के पास बिल्सी मार्ग स्थित गैस गोदाम के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे में वजीरगंज क्षेत्र के गांव उदयपुर निवासी बच्चे व महिलाओं समेत 29 लोग घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। वह लोग शहर के लालपुल स्थित बड़े सरकार की दरगाह से वापस घर जा रहे थे।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के के गांव उदयपुर निवासी बच्चे व महिलाएं 35 लोग सोमवार सुबह लगभग 11 बजे ट्रैक्टर-ट्राली से बिल्सी रोड से होते हुए शहर स्थित बड़े सरकार आ रहे थे। रास्ते में गांव बहेड़ी के पास मोड़ पर


हादसे के बाद गांव बहेड़ी के पास सड़क पर पलटी ट्राली। ● अमृत विचार

तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। ट्रैक्टर-ट्राली में सवार कुछ लोग नीचे दब गए और सड़क पर जा गिरे।

हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। रहागीर और ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे से घायलों को बाहर निकाला। ट्राली को धक्का लगाकर सड़क किनारे लगाया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस मंगवाकर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सिविल लाइन कोतवाल गौरव विश्नोई ने बताया कि हादसे में घायल लोगों को भर्ती कराया गया है। सभी की हालत सही बताई जा रही है।

- बड़े सरकार की दरगाह पर ट्रैक्टर-ट्राली से आ रहे थे गांव उदयपुर के बाशिंदे

### दुर्घटना में यह लोग हुए घायल

ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से उदयपुर निवासी टूवा खान (5), मुमताह (4), रुमाना (7), अर्सी (8), अनमशाह (8), निफा (7), अनम (11), निशो (8), इमामुद्दीन (8), रिदिया (12), अलीना (14), आशमा (11), हिवा (14), आलिया (16) और राहत बी, फिजा, मंतसा, अल्वी, कमरुद्दीन, उजफा, अलतशाह, रवाना, आरिश, कैफ, गुलशन, राशमीन, साहिबा, गुलाब मोहम्मद, इंतजाह घायल हो गए। सभी का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

# डॉक्टर की लापरवाही से नवजात का हाथ बेकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में तमाम अव्यवस्थाएं हावी हैं। रोगियों और नवजात शिशुओं के इलाज भी डॉक्टर लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। बीमार होने पर शिशु को इलाज के लिए परिजन महिला अस्पताल पहुंचे, यहां डॉक्टरों ने उसे ड्रिप लगा दी, जिससे हाथ पर सूजन आ गई। परेशानी होने पर बच्चे के माता पिता दोबारा पहुंचे तो डॉक्टरों ने देखने से इन्कार कर दिया। परिजनों ने मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

ग्राम लोहाठेर निवासी हसीब ने बताया कि उसकी पत्नी को बीस दिन पूर्व जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया, पत्नी ने पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के बाद नवजात की हालत बिगड़ गयी। जिसके बाद जिला महिला अस्पताल के बाल रोग


ड्रिप लगने से शिशु का हाथ दिखाता पिता।

विशेषज्ञ को दिखाया। यहां डॉक्टर ने उसे भर्ती कर लिया और हाथ में ड्रिप लगा दी गयी।

अस्पताल में बच्चे के एक हाथ में सूजन आ गई। तब डॉक्टर ने दूसरे हाथ में ड्रिप लगा दी। हालत में सुधार होने पर वह बच्चे को घर ले आया। जहां रात में बच्चे के हाथ में सूजन आ गई। तब वह बच्चे को लेकर जिला महिला अस्पताल पहुंचा, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज करने से मना कर दिया और

- एक हाथ में सूजन आने के बाद दूसरे में लगाई थी ड्रिप
- सात दिन से इलाज के लिए चक्कर काट रहे माता-पिता

### समय पर नहीं मिलते हैं डॉक्टर

हसीब ने बताया कि वह कर्ज लेकर बच्चे का इलाज करा रहा है, कई बार जिला महिला अस्पताल के चक्कर काट चुका है, लेकिन तीन बाल रोग विशेषज्ञ होने के बाद भी यहां कोई डॉक्टर नहीं मिलता है। डॉक्टरों के स्थान पर बच्चों का इलाज यहां स्टॉफ नर्सों से कराया जा रहा है। आरोप है कि कुछ डॉक्टर अपने आवास पर रोगियों को देखते हैं। वहां पर तीन सौ से चार सौ रुपये तक की फीस वसूलते हैं। शिशुओं के लिए दवाओं की भी व्यवस्था नहीं है।

> नवजात का हाथ कैसे खराब हो गया, इस की जानकारी नहीं है। पता कराएंगे, किसने भर्ती किया। नवजात को ड्रिप कैसे लगाई, पीड़ित यदि इस बात की शिकायत करेगा तो जांच कराई जाएगी। अभी उनके पास कोई शिकायतकर्ता नही आया है।
>
> -डा. इंदुकांत वर्मा, सीएमएस

हायर सेंटर में दिखाने की सलाह दी। सोमवार को जिला महिला अस्पताल में बच्चे को लेकर पहुंचे हसीब ने बताया कि वह इलाज के लिए सात दिन से जिला महिला अस्पताल के चक्कर काट रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। उसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है, जिससे वह अच्छे अस्पताल में बच्चे का इलाज करा सके। डॉक्टरों से कहो तो वे झगड़ा करने लगते हैं और भगा देते हैं। अब वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करेगा। बताया कि उनका बच्चा दर्द की वजह से रोता रहता है, कई दिन से सो नहीं सका है।

## व्यापारी के घर से नगदी और आभूषण चोरी

**उसहैत, अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के कस्बा के वार्ड चार निवासी किराना व्यापारी अशफाक सेल्समैन भी हैं। उन्होंने बताया कि वह क्षेत्र की दुकानों पर जाकर किराना का सामान सप्लाई करते हैं।

रविवार रात ज्यादा गर्मी की वजह से वह अपनी पत्नी व बच्चे और बहन-बहनोई छत पर जाकर सो गए थे। मकान के पीछे प्लाट से चोर छत पर आ गए। चाहरदीवारी पर लगा तार काट लिया और घर में घुस गए। कमरे में बक्से का ताला तोड़ा। बहन का सोने का हार, एक अंगूठी, दूसरे बक्से से किराना का सामान खरीदने को रखे डेढ़ लाख रुपये चोरी करके ले गए। सोमवार सुबह जागे तो कमरे में कपड़े और सामान बिखरा हुआ था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# ससुर पर दुष्कर्म का आरोप शिकायत पर पति ने पीटा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अलापुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने ससुर के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते को कलंकित करने का मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने ससुर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पति से शिकायत की तो उसने महिला की पिटाई लगा दी। महिला ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के लिए पुलिस महिला के घर पहुंची तो आरोपी ससुर और पति नहीं मिले।

एक गांव निवासी महिला थाना अलापुर पहुंची। पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपनी ससुराल में रहती है। उसके पति मजदूरी करने के लिए बाहर चले जाते हैं। ससुर उस पर गलत नजर रखता है। आरोप है कि ससुर उसे घर पर अकेला पाकर कई बार दुष्कर्म कर चुका है। किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है। ससुर से परेशान होकर महिला ने उसके कृत्य के बारे में पति को जानकारी दी तो वह नाराज हो गया और महिला से मारपीट की।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थाना अलापुर के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है। पुलिस पीड़िता की ससुराल गई तो पति और न ससुर मिला। दोनों फरार हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वन्य जीव साही की हत्या करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के वन्य जीव साही का शिकार करने वाले दस लोगों के खिलाफ वन विभाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसका वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। गांव सिलहरी, बरातेगदार, गरूपुरी विनायक की सीमा के मध्य जंगलों में वन्य जीव साही का शिकार किया जा रहा था। जिसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने मामला संज्ञान में लिया। वन रेंजर आकांक्षा गुप्ता ने पोथीराम उर्फ छोटे व सागर निवासीगण बरातेगदार,और आठ अज्ञात समेत कुल दस लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## गोद भराई के बाद मांगे आठ लाख रुपये, न देने पर तोड़ दिया रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जरीफनगर क्षेत्र के गांव रदनौल अजीजपुर निवासी व्यक्ति ने संभल के युवक से तय किया था रिश्ता

**अमृत विचार :** जरीफनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी का रिश्ता संभल निवासी युवक से तय किया। मंगनी और गोद भराई की रस्म के बाद लड़का पक्ष ने आठ लाख रुपये की मांग की। युवती के पिता ने असमर्थता जताई तो रिश्ता तोड़ दिया। समझाने के लिए गए बिचौलिया से मारपीट की। एसएसपी के निर्देश पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

क्षेत्र के गांव रदनौल अजीजपुर निवासी ऋषिपाल सिंह ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी मिथलेश का रिश्ता जिला संभल के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी दयाशंकर पुत्र श्योदान सिंह के साथ तय किया था। 10 अप्रैल को गोद भराई की रस्म हुई। जिसमें एक लाख रुपये नगद, एक तोला की सोने की चेन और पांच हजार रुपये के उपहार दिए थे। पांच मई को शादी की तारीख और पीली चिट्ठी लेकर मध्यस्थ शिशुपाल को भेजा तो दयाशंकर और उसके पिता व परिजनों ने शादी करने से मना कर दिया। उन्होंने आठ लाख रुपये की मांग की। बिचौलिया के ज्यादा कहने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिशुपाल ने कहा कि अगर शादी नहीं करनी है तो हिसाब कर लो, लेकिन श्योदान सिंह ने हिसाब करने से भी मना कर दिया। एसएसपी के निर्देश पर दयाशंकर, श्योदान सिंह, रामरहीश उर्फ एवरन, साहब सिंह, दानवीर, संतोष, सुधा के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**योजना** | डीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग ने तैयार की वल्क योजना, इस बार जिले भर में लगाए जाएंगे 50 लाख 36 हजार पौधे

# दातागंज और सदर तहसील को हरा भरा बनाएगा राजस्व विभाग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद में इस बार पौधा रोपण अभियान का लक्ष्य अलग अलग विभागों को निर्धारित किया गया है। जिले में कुल 50 लाख 36 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसमें राजस्व विभाग द्वारा वल्क के तहत कार्य योजना तैयार की जा रही है। वल्क के इसके तहत सदर और दातागंज तहसील को चिन्हित किया गया है। इन दोनों तहसीलों में करीब दस लाख पौधे रोपे जाएंगे।

जनपद में वन विभाग पौधरोपण का नोडल विभाग है। इस साल पंचायती राज विभाग को एक बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है। जिले की सभी 1037 ग्राम पंचायतों में पौधा रोपण कराने को लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके अनुसार पंचायती राज विभाग प्रत्येक गांव में 238 पौधे लगाएगा। गांवों में ग्राम प्रधानों को उनकी देखभाल के लिए निर्देशित


नर्सरी में तैयार हो रहे पौधे। ● अमृत विचार

किया जाएगा। जिससे पौधे स्वस्थ रहें। उसके बाद ग्राम विकास विभाग 23 लाख पौधे रोपित करेगा। पंचायती राज विभाग ढाई लाख पौधे लगाएगा। उद्यान विभाग 2 लाख 75 हजार पौधे रोपित करेगा। इनमें सबसे अधिक पौधारोपण का लक्ष्य वन विभाग को दिया गया है। वन विभाग 13 लाख 37 हजार पौधे लगाएगा। वन विभाग इस साल करीब दस हजार हेक्टेयर में पौधा रोपण करने को स्थान चिन्हित करेगा। इसमें अधिकांश गंगा के किनारे खाली पड़ी जमीन, मेड़ों, तलहटी, सड़कों के दोनों ओर, तालाबों, के आस पास सरोवरों के किनारे, पौधे रोपे जाएंगे। इसके साथ ही जिला पंचायत की खाली पड़ी जमीन को भी चिन्हित किया जाएगा। जहां वन क्षेत्र हैं उन स्थानों पर यदि सरकारी जमीन पर पौधे नहीं है वहां पर पौधा रोपण किया जाना है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग वल्क योजना के तहत पौधारोपण के लिए कार्ययोजना बनाएगा। इस योजना के अन्तर्गत सदर तहसील और दातागंज तहसील को शामिल किया गया है। इन दोनों तहसीलों में अतिरिक्त पौधा रोपण अभियान चला कर तीन लाख पौधे रोपित किए जाएंगे

### दातागंज में 40 हेक्टेयर जमीन पर होगा पौधरोपण

दातागंज तहसील में 40 हेक्टेयर जमीन पर राजस्व विभाग पौधा रोपण करेगा। इस तहसील में दो लाख पौधे रोपित करने को पहले स्थान चिन्हित किए जाएंगे उसके बाद वहां पर पौधा कौन सा लगाया जाए इस बात पर विचार किया जाएगा। दातागंज तहसील के हजरतपुर, पिपरा के पास गंगा किनारे के स्थान पर पौधे लगाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। सैजनी के आस पास का क्षेत्र को जंगल के रूप में चिन्हित किया गया है। इस क्षेत्र में खाली भूमि पर पौधा रोपण किया जाएगा।

### सदर में 20 हेक्टेयर जमीन पर होगा पौधरोपण

सदर तहसील में राजस्व विभाग वल्क योजना के तहत 20 हेक्टेयर भूमि पर एक लाख पौधे रोपित करेगा। इसमें मुख्य रूप से सोत नदी के किनारों को चिन्हित किया जाएगा। सदर तहसील क्षेत्र के उझानी और भूड़ा भदरौल के क्षेत्र में पौधारोपण किया जाना है इसके लिए राजस्व विभाग योजन बना रहा है। विशेष बात यह है कि सदर तहसील में उन स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे जहां पानी मिलता रहे, जिससे पौधों को जीवित रह सके।

### पौधे गोद लेंगे अधिकारी

जिला अधिकारी के निर्देश हैं कि इस वार पौधा रोपण कर प्रत्येक विभाग का अधिकारी एक पौधा लगाने के बाद उसे गोद लेगा, जिससे उसकी देखरेख उस अधिकारी के अधीन होगी। गोद लिया गया पौधे का हर माह निरीक्षण किया जाएगा। उसमें पानी लगाने के लिए जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। पौधा गोद लेने वाले अधिकारी को उस पौधे की रिपोर्ट जिलाधिकारी को देनी होगी।

> पौधारोपण के लिए 20 जून तक स्थान चिन्हित कर लिए जाएंगे। वहां पर कितने पौधे लगाए जाने हैं, तय कर लिया जाएगा। राजस्व विभाग और पंचायती राज विभाग को जिला प्रशासन की ओर से निर्देशित किया गया है कि समय पर स्थान चिन्हित करने के बाद बारिश शुरू होते ही पौधा रोपण शुरू कर दिया जाए। इस बार मुख्य रूप से छायादार, फलदार, तथा औषधीय पौधे लगाए जाने पर जोर दिया जा रहा है।
>
> -प्रदीप कुमार वर्मा, डीएफओ

## शहर में आज

- उत्थान समाज सेवा संगठन की बैठक मुहल्ला जय-जयराम स्थित कार्यालय पर शाम छह बजे से।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्र विकास शिविर पटियाली के सरस्वती शिशु मंदिर में सुबह 10 बजे से।
- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का छात्र व्यक्तित्व शिविर शहर के एमजी डिग्री कॉलेज में सुबह 11 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

# किडनी रोग से पीड़ित उझानी का व्यक्ति हजारा नहर में कूदा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की दोपहर एक व्यक्ति हजारा नहर में कूद गया। गोताखोरों ने तलाश किया लेकिन पता नहीं चला।

बदायूं के कस्बा उझानी का रहने वाला इशरार पुत्र छोटे खां की दोनों किडनी खराब हैं। बरेली में उनका उपचार चल रहा है। सुबह वह बरेली दवा लेने के लिए जाने की कहकर घर से निकले थे लेकिन कासगंज पहुंच गए। दोपहर लगभग 12 बजे हजारा नहर में छलांग लगा दी। लोगों ने देखा तो खलबली मच गई। ग्रामीण गोताखोर उसकी तलाश के लिए नहर में उतर गए, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा। लोगों ने बताया किनहर में छलांग लगाने से पहले उसने एक व्यक्ति से मोबाइल लेकर अपने परिजनों से बात की थी। जिस नंबर पर बातचीत की उसी नंबर पर कॉल कर पुलिस ने परिजन को घटना की जानकारी दी कुछ समय बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इशरार के बेटे इश्तार ने बताया कि पिता ने उसे फोन कर कहा कि वह बीमारी से परेशान हैं और कासगंज की हजारा नहर में कूदकर खुदकुशी कर रहे हैं।

### छोटे उद्योग धंधों से जुड़े मजदूरों का रोजगार हो रहा प्रभावित, लोगों में बढ़ रही नाराजगी, आंदोलन की तैयारी

# गर्मी... ऊपर से अंधाधुंध बिजली कटौती, मुसीबत ही मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** तापमान बढ़ने के साथ ही बिजली को लेकर हाहाकार मचने लगा है। बिजली की कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है। जिला मुख्यालय को 12 घंटे ही बिजली नसीब हो पा रही है।

इसमें भी फाल्टों के कारण और आपूर्ति का समय कम रह जाता है। गरमी से तिलमिला रहे लोग बदहाल आपूर्ति को लेकर बेहद परेशान है और उनके मन में आक्रोश बढ़ रहा है। उद्योगधंधे और व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों में भी गुस्सा बढ़ रहा है। मतदान से पूर्व बिजली आपूर्ति 18 घंटे तक मिल रही थी।

मतदान के बाद यकायक कटौती बढ़ गई है। वहीं, तापमान बढ़ने के साथ ही लोकल फाल्टों की संख्या भी बढ़ी है। लगातार ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। दिन में सुबह दस बजे या 11 बजे से आपूर्ति शुरू होती है उसके बाद ये एक बजे से चार बजे तक बंद हो जाती है। रात में कभी दस बजे तो कभी 11 बजे से एक बजे तक बिजली की कटौती की जा रही है। इसके अलावा कभी तार टूटने, केबल बक्सा में कमी आने व अन्य कारणों से कई घंटों के लिए आपूर्ति बंद हो जाती है। बढ़ते तापमान के बीच बदहाल विद्युत व्यवस्था से लोग बेहद परेशान हैं। बिजली कटौती के कारण पानी की दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। कटौती के कारण छोटे उद्योग-धंधे प्रभावित हो रहे हैं। मजदूरों के सामने रोजगार का संकट भी खड़ा हो रहा है। आंदोलन की सुगबुगाहट होने लगी है।

> गर्मी के मौसम में ओवरलोडिंग की समस्या बढ़ जाती है। फिर भी दिन रात टीमें लगी हुई हैं। जहां से भी शिकायत मिलती है। वहां समस्या का समाधान किया जा रहा है।
> – **अजय सविता**, प्रभारी अधीक्षण अभियंता विद्युत।



विभाग के अधिकारी नगर की आपूर्ति व्यवस्थित करने को गंभीर नजर नहीं आते। समय से ट्रांसफार्मरों का मेंटीनेंस नहीं करते। अव्यवस्था का यही आलम रहा तो लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।
– **मनोज तोषनीवाल**, व्यापारी।



उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं। आपूर्ति सुचारु नहीं हो पा रही है। सिर्फ आम जनमानस ही प्रभावित नहीं है, बल्कि उद्योग धंधे, व्यापार भी प्रभावित हो चुके हैं। मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा।
– **सुनील सच्ची**, व्यापारी।

## एक नजर

### स्वास्थ्य केंद्र से चोरों ने उडाया सामान

**कासगंज :** किसरौली स्वास्थ्य केंद्र पर 19 मई को चोरों ने चोरी कर ली, लेकिन एफआईआर नहीं हुई है। अब केंद्र के फार्मासिस्ट ने एसपी को प्रार्थना पत्र में कहा है कि चोर फ्रिज प्रिंटर, रुम हीटर, कूलर पंखे सहित हजारों रुपये का सामनले गए, लेकिन पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही है।

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**सोरों।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गोरहा नहर के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार सहावर निवासी राजेश्वर , हरीओम घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उपचार के बाद दोनों घायलों को घर भेज दिया गया है। उनकी सेहत में सुधार है।

### सनातन संस्कृति के प्रसार को कराई भागवत कथा

**मोहनपुरा।** मोहनपुरा के समीपवर्ती गांव धरपसी के ऋषभ सिंह, कल्पेश, नीलेश, सागर चौहान समेत कई युवाओं के प्रयासों से 23 मई से आयोजित भागवत कथा में आचार्य सुदेश सांवरिया ने श्रीराम विवाह, वनवास, वामन अवतार आदि की कथाओं को सुनाईं। समापन 31 मई को होगा। यशपाल सिंह, तोफान सिंह ,राम प्रताप सिंह, नवाब सिंह, वीरेंद्र सिंह, तेजवीर सिंह, कुंवर पाल सिंह, देवेंद्र सिंह, सचिन सिसौदिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### करंट से गाय की मौत

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के गांव बिरसुआ में पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर महीपाल पुत्र मोहन सिंह की गाय की मौत हो गई। उन्होंने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पशु चिकित्सा विभाग ने गाय के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### प्रतिबंधित लकड़ी से भरा ट्रैक्टर पकड़ा

**कासगंज।** अमांपुर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया है। मौके से ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौड़ ने बताया कि मौके से ट्रैक्टर चालक अंसार व एक अन्य लोचन सिंह को गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई है। पकड़ी गई लकड़ी को वन विभाग के सुपुर्द किया है।

# बिजली चाहिए: सड़क पर उतरे किसान और ग्रामीण

### बिलराम फीडर का घेराव कर कासगंज-ढोलना मार्ग किया अवरुद्ध, पुलिस ने समझा-बुझाकर मनाया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली की अंधाधुंध कटौती से लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। सोमवार को ग्रामीणों और किसान सड़क पर उतर पड़े और बिलराम फीडर का घेराव किया। अवरोध लगाकर कासगंज-ढोलना मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने आक्रोशितों को समझाकर जाम खुलवाया।

बिलराम फीडर से कस्बा बिलराम के अलावा आसपास दर्जन भर ग्रामों को विद्युत की आपूर्ति दी जाती है। इस भीषण गर्मी में आम-जनमानस ही नहीं बल्कि किसानों और ग्रामीणों को भी बिजली की आवश्यकता है। अघोषित कटौती से लोगों का जीना तो मुहाल हो ही रहा है ट्युबवेल न चलने से फसलें भी सूख रही हैं।

सोमवार को लामबंद किसान और ग्रामीण सड़क पर उतर आए और बिलराम फीडर पर पहुंचकर घेराव किया। विभागीय अधिकारियों से विरुद्ध नारेबाजी की। कोई सुनने नहीं पहुंचा तो किसानों का आक्रोश बढ़ गया। किसानों ने अवरोध लगाकर कासगंज-ढोलना मार्ग पर जाम लग दिया।



कस्बा बिलराम में विद्युत फीडर का घेराव करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जाम लगते ही सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। जाम की जानकारी पर ढोलना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित किसानों को समझाया। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे बिजली विभाग एवं उच्च अधिकारियों से बातचीत कर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को व्यवस्थित कराएंगे।

- **जाम के चलते मार्ग पर दोनों ओर लग गई वाहनों की कतारें**

पुलिस के समझाने के बाद गुस्सा शांत हुआ। ग्रामीणों ने इस चेतावनी के साथ जाम खोला कि यदि विद्युत की आपूर्ति विधिवत नहीं मिली तो वह पुनः सड़क पर उतरेंगे।

### सहायक अभियंता को दिया ज्ञापन

जनता सुरक्षा फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने सोरों क्षेत्र की विद्युत समस्या को लेकर सहायक अभियंता को ज्ञापन दिया है। जिसमें मांग की गई है कि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को व्यवस्थित किया जाए। बिजली न मिलने के कारण किसानों को सिंचाई की समस्या हो रही है। उनकी फसलें सूख रही है। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि विद्युत व्यवस्था न सुधरी तो जनहित में जनता सुरक्षा फाउंडेशन आंदोलन करेगी। जुगेंद्र, बबलू, रंजीत कुमार, जीतेश, सचिन, संजीव श्रीवास्तव, रजत कुमार मौजूद रहे।



सहायक अभियंता को ज्ञापन देते जनता सुरक्षा फाउंडेशन के पदाधिकारी।

# बनूपुरा रजबहा में एक माह से पानी का इंतजार कर रहे किसान

संवाददाता, अमांपुर

- **पानी न मिलने से सिंचाई के लिए परेशान हैं किसान, सूख रही हैं फसलें**
- **फसलों को बचाने के लिए सिंचाई के लिए महंगा डीजल खर्च करने को मजबूर किसान**

**अमृत विचार:** एक माह से बनूपुरा रजबहा में पानी न आने से किसान परेशान हैं। फसलें सूख रही हैं। किसान पंपिग सेट, इंजन में महंगा डीजल डालकर सिंचाई करने को मजबूर हैं। बनूपुरा व हरथरा गांव को जाने वाले मार्ग पर स्थित रजबहा में एक माह से पानी नहीं है। रजवाह के किनारे की ज्यादातर जमीन सिंचाई के लिए इसी पानी पर ही आश्रित है। फसलों की बुवाई और सिंचाई के लिए पानी की जरूरत पड़ने लगी है।

निजी स्त्रोतों से सिंचाई करने से लागत बढ़ रही है। किसान राकेश व दिलीप यादव का कहना है कि रजवाह में पानी न आने के कारण पांच बीघा मक्का की फसल की बुवाई नहीं हो पा रही है। किसान किताब सिंह व मुलायम सिंह का कहना है कि एक दो दिन में पानी न आया तो नुकसान हो जाएगा। किसान पंपिंग सेट लगाकर फसल में पानी लगा रहे हैं। रजबहा बंबी, नहर व तालाबों के सूखने से किसानों एवं पशु पक्षियों को पानी की समस्या शुरू हो गयी है।



पानी न आने से सुखा पड़ा रजबहा बंबा।

किसान किताब सिंह, शेलेन्द्र, राजकुमार पांडेय, जयप्रकाश, सत्यप्रकाश, रामदत्त, प्रेमचंद, उदयवीर, केशवदेव, राकेश, मुलायम, दिलीप, अनुपम, चन्द्रशेखर, कुलदीप, संदीप, रजनेश आदि ने जिलाधिकारी महोदय से बनूपुरा रजवाह में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

# लोकतांत्रिक गणतंत्र के वास्तुकार थे पंडित नेहरू



पंडित जवाहर लाल नेहरू का स्मरण करते कांग्रेस विधि विभाग के कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **प्रथम प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर कांग्रेस विधि विभाग ने की विचार गोष्ठी**

**अमृत विचार :** प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू की पुण्य तिथि पर विचार गोष्ठी में कांग्रेस विधि विभाग के जिला चेयरमैन सत्येंद्र पाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता के पूर्व और पश्चात् की भारतीय राजनिति में केन्द्रीय व्यक्तित्व थे। वे आधुनिक भारतीय राष्ट्र-राज्य-एक सम्प्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणतन्त्र के वास्तुकार माने जाते हैं।

शिवकुमार सिहं, ओमप्रकाश सिंह, मुनाजिर रफी, केशव मिश्रा, पंकज चतुर्वेदी, मधुर वशिष्ठ, सतेन्द्र कुमार, विकास यादव, पंकज यादव, धारा सिंह, योगेन्द्र, मौहम्मद यासीन, सादाब सैफी, आशिम, शशहकान्त पचौरी, राजकिशोर यादव, अन्जुम राहत, मोहम्मद तारिक अली मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति ने गाए भजन

**कासगंज, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति के तत्वाधान में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। धार्मिक कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। वक्ताओं ने सनातन धर्म के लिए एकजुटता का आहवान किया। हवन में आहुति दी गई। महिलाओं ने भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति की जिला महामंत्री शीलू गुप्ता के आवास पर हुए कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन गाए गए।

जिलाध्यक्ष कुमारी प्रतिज्ञा ने कहा कि विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति का उद्देश्य सनानत धर्म के लिए कार्य करना है। समापन नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष द्वारा मनोनयन पत्र दिए गए। स्नेहलता शर्मा, पुष्पा वार्ष्णेय, रानी रावत, यशोदा, नीतिज्ञा, शालू गुप्ता, सैलवाला, रेनू दुबे, बीना तिवारी, नेहा तिवारी मौजूद रही।

# एक आदेश: आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और कोटेदार परेशान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **आपूर्ति विभाग और बाल विकास कार्यालय एक दूसरे के पाले में डाल रहा गेंद**

**अमृत विचार:** राशन वितरण को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और कोटेदारों में असमंजस की स्थिति है। आपूर्ति विभाग एवं बाल विकास के अधिकारियों की मनमानी के चलते बड़ी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। राशन डीलर शिकायत कर रहे हैं, दूसरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उलझे हुए हैं।

शासनादेश के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म भोजन वितरण करने का नियम है। अब तक राशन का वितरण संबंधित ग्राम पंचायत के राशन डीलर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पर्ची के आधार पर कराया जाता था, लेकिन इस बार कासगंज जिले की व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। बाल विकास कार्यालय की ओर से आदेश जारी किया गया। संबंधित ग्राम पंचायत से अब आंगनबाड़ी कार्यकत्री राशन नहीं उठा सकती हैं। उनके राशन के उठान का संबंद्धीकरण दूसरी पंचायतों से कर दिया गया है। जिनकी दूरी 10 से 15 किलोमीटर है। इतना हीं नहीं आदेश में यह भी स्पष्ट नहीं है कि राशन का वितरण संबंधित डीलर करेंगे या राशन उठान करने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ही भोजन का वितरण करायेंगी।



जिलापूर्ति अधिकारी को ज्ञापन देते राशन विक्रेता। ● अमृत विचार

> जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जो पत्र बनाया है। उसी के आधार पर राशन का उठान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कराया जा रहा है। जो भी अनियमितता है उससे आपूर्ति विभाग का कोई लेना-देना नहीं है।
> – **अरुण कुमार**, डीएसओ।

> हमने तो पत्र बनाकर दे दिया, लेकिन आपूर्ति विभाग को ध्यान देना चाहिए। पूर्व में रहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने यह अनियमितता कर दी थी, जल्द ही इसमें सुधार किया जाएगा। जिससे असुविधा न हो।
> – **सुशीला देवी**, डीपीओ।

इस अनियमितता को लेकर फर्जीवाड़ा भी सामने आ रहा है। राशन डीलरों का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राशन उठान का दबाव बना रही हैं, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का कहना है कि उनके नौनिहालों के हक पर डांका डाला जा रहा है। पाया गया है की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राशन का उठान तो कर लेते हैं, लेकिन स्कूलों में गर्म भोजन का वितरण नहीं किया। इसकी पुष्टि विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई जांच में भी हुई है। पिछले ही दिनों सिढ़पुरा क्षेत्र में तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भोजन वितरण न करने के आरोपी पाए गए।

### राशन विक्रेताओं ने दिया ज्ञापन

असमंजस को लेकर राशन वितरण विक्रेताओ में आक्रोश बना हुआ है। सोमवार को विक्रेताओं ने जिलापूर्ति अधिकारी को ज्ञापन देकर कहां है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राशन देने में असुविधा हो रही है। असमंजस यह भी हो रहा है कि ग्राम पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को राशन दिया जाए या दूसरी पंचायत से संबद्ध की गई कार्यकर्ता को राशन दिया जाए। विक्रेताओं ने कहा कि गोरखपुर के डीएसओ ने एक स्पष्ट आदेश जारी किया है। उसी के आधार पर कासगंज में भी जारी किया जाए। ज्ञापन देने वालों में सरवर हुसैन, सतीश गुप्ता, रामखिलाड़ी पाल, रामभजन, शीला देवी, सरला देवी, रमेश चंद्र , सूरजपाल आदि राशन विक्रेता मौजूद रहे।

# बाइक की चपेट में आकर किसान की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **राहगीरों ने बाइक चालक को दबोच कर पुलिस को सौंपा**

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम तेज रफ्तार बाइक सवार ने राह चलते किसान को टक्कर मार दी जिससे किसान की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाइक चालक को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव नवादा निवासी 50 वर्षीय शिवनरायण पुत्र गिरधारी लाल रविवार को अपने खेत में खड़ी मूंगफली की फसल में सिंचाई कर शाम 6:45 मिनट पर लौट कर घर आ रहे थे, तभी कादरगंज रोड़ पर गांव के समीप गंजडुंडवारा की ओर से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे शिवनरायण के सिर में गंभीर चोटें आ गईं। परिजन घायल शिवनरायण को उपचार के लिए गंजडुंडवारा सीएचसी पर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मृतक के भतीजे प्रदीप जिला अस्पाल लेकर जा रहे थे।



मृतक शिवनरायण।

रास्ते में दम तोड़ दिया। गंजडुंडवारा इंस्पेक्टर विनाद कुमार ने बताया कितहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएंगा। बाइक सहित बाइक सवार पुलिस हिरासत में है।

# सराफा कारोबारी आज बैठक में करेंगे समस्याओं पर चर्चा

**कासगंज, अमृत विचार:** व्यापार में तमाम समस्याएं आ रही हैं। व्यापारी परेशान हैं। मंगलवार को शहर के एक निजी होटल में जिला सराफा एसोसिएशन के तत्वाधान में बैठक की जाएगी। इसमें कई अहम बिंदुओं पर चर्चा होगी। संगठन के जिला महामंत्री दीपक गुप्ता ने बताया कि समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में हमें व्यापारियों के साथ मंत्रणा करने की जरूरत दिखाई दे रही है। इसलिए मंगलवार को रात आठ बजे आवश्यक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में व्यापार में आ रही समस्याओं पर मंथन होगा। वार्षिकोत्सव की रूपरेखा बनेगी। शहर कार्यकारिणी का विस्तार करने के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से समय से बैठक में पहुंचने की अपील की है।

# आत्मरक्षा की सर्वश्रेष्ठ कला है जूडो कराटे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर के शारदा देवी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय में चलाए जा रहे सात दिवसीय छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर के तीसरे दिन छात्राओं को जूडो करांटे, मेहंदी, आर्ट क्राफ्ट एवं नृत्य संगीत का प्रशिक्षण दिया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांत सह मंत्री तेजेंद्र लोधी ने कहा कि जूडो कराटे आत्मरक्षा की सर्वश्रेष्ठ कला है। सोशल मीडिया संयोजक अनिल प्रताप सिंह ने कहा कि शिविर का उद्देश्य छात्राओं का व्यक्तित्व विकास करना है।




पटियाली में छात्रा व्यक्तित्व शिविर का आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

- **छात्राओं को दिया गया जूडो कराटे, मेहंदी, नृत्य संगीत का प्रशिक्षण**

**पटियाली में भी रंगोली का दिया प्रशिक्षण : पटियाली।** छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर में छठवें दिन रंगोली कला का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि कला मंच प्रमुख मन्नत मिश्रा, विशिष्ट अतिथि नगर मंत्री ज्योति यादव, नगर मीडिया प्रमुख अंबुज ने मां शारदे एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप जलाकर किया।रंगोली शिक्षिका कुमारी कुमकुम ने रंगोली की छोटी-छोटी बारीकियां समझाईं। सौरभ दीक्षित, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, तहसील अध्यक्ष रोहित पुंडीर, जिला संयोजक कुश गुप्ता, नगर अध्यक्ष अनुज द्विवेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष पीयूष मिश्रा, चांदनी मिश्रा, भूमि आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन में महिला को हुई प्रसव पीड़ा, आरपीएफ ने भर्ती कराया

**कासगंज,अमृत विचार :** मुंबई सेंट्रल से चलकर कानपुर पहुंचने वाली विशेष गाड़ी संख्या 09185 में गुजरात के बड़ौदा से कानपुर के लिए अपने परिजनों के साथ यात्रा कर रही जिला कुशीनगर के थाना वनकटा के गांव घुंडी निवासी सपना को ट्रेन में प्रसव पीड़ा होने लगी। पति सुनील व परिजनों के हाथ पैर फूल गए। ट्रेन कासगंज स्टेशन पर पहुंची तो आरपीएफ की हेड कांस्टेबल रामफूल मीना से परिजनों ने मदद की गुहार लगाई। उन्होंने जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने महिला आरक्षी प्रीति वर्मा, धारा सिंह मीना के साथ महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां महिला ने बेटे को जन्म दिया है। चिकित्सकों के मुताबिक जच्चा, बच्चा सकुशल हैं।



प्रसूता को ले जाते आरपीएफ के जवान।



## तलाश गुमशुदा



मेरी पत्नी आरती देवी उम्र 48 वर्ष जो दिनांक 26.05.2024 समय 22.30 बजे पारिवारिक क्लेश के कारण घर बिना बताये कहीं चली गयी। आपसी लोगों एवं रिश्तेदारों से फोन करके जानकारी ली किन्तु उनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। **उनका हुलिया रंगः- गेहुआ कदः- 5 फिट 2 इंच साड़ी गोल्डन काला।** यदि अपहर्ता आरती देवी के बारे में कोई सूचना/जानकारी प्राप्त होती है नीचे लिखे मो. नम्बरों पर सूचित करने का कष्ट करें। **दीपक कुमार (पूर्व सैनिक) पुत्र स्व. हीरा सिंह नि. मो. अनुपम नगर पो. सुभाषनगर बरेली मो. 8279322456।**

